# बिनसर वन्यजीव अभयारण्य

**स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया**

इस वर्ष वनाग्नि में अग्रिम पंक्ति के वनकर्मियों की जान जाने की पहली घटना में, अल्मोड़ा के **बिनसर वन्यजीव अभयारण्य (Binsar Wildlife Sanctuary)** में अग्निशमन अभियान के दौरान चार वन विभाग कर्मियों की मृत्यु हो गई।

- **बिनसर वन्यजीव अभयारण्य उत्तराखंड के कुमाऊँ हिमालय** में स्थित है।
  - क्षेत्र की **समृद्ध जैवविविधता** के संरक्षण के लिये वर्ष 1988 में इस अभयारण्य की स्थापना की गई थी।
  - इसकी विविध स्थलाकृति और ऊँचाई में भिन्नता के कारण यहाँ वनस्पतियों की व्यापक विविधता है। अभयारण्य मुख्य रूप से ओक और चीड़ के घने वनों से ढका हुआ है।
  - इस अभयारण्य में **यूरेशियन जे**, **कोक्लास तीतर**, **मोनाल तीतर** और **हिमालयन कठफोड़वा** सहित **200 से अधिक पक्षियों की प्रजातियाँ** हैं।
- बिनसर **चंद राजवंश शासकों** की ग्रीष्मकालीन राजधानी थी, जिन्होंने 7वीं से 18वीं शताब्दी तक कुमाऊँ पर शासन किया था।
- स्थानीय लोगों के अनुसार, बिनसर का नाम **बिनेश्वर महादेव मंदिर** के नाम पर पड़ा, जिसका निर्माण 16वीं शताब्दी किया गया तथा यह मंदिर **भगवान शिव** को समर्पित था।

**और पढ़ें:** वनाग्नि

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/binsar-wildlife-sanctuary-1